पेज थ्री देहरादून

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने कलैक्ट्रेट कर्मचारियों के साथ शिष्टाचार बैठक की

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमति सोनिका द्वारा कलैक्ट्रेट कर्मचारियों के साथ शिष्टाचार बैठक की। बैठक में उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि कलैक्ट्रेट की कार्यप्रणाली में और अधिक प्रभावी एवं सुधार पूर्वक व्यवस्था बनानी है, इसके लिए पारदर्शिता के साथ ही प्रकरणों के त्वरित निस्तारण करने की अपेक्षा की। उन्होंने ई–फाइलिंग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट में आने वाले आम जनमानस की सुविधाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। लोगों की समस्याओं का निस्तारण तेजी से एवं प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए, जनता की दृष्टि में कलेक्ट्रेट की छवि सहयोगात्मक तथा मददगार की होनी चाहिए।

### हरेला पर्व हरियाली का प्रतीकः वरिष्ठ सिविल जज

**संवाददाता** देहरादून। वरिष्ठ सिविल जज/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून ने अवगत कराया है कि कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार 16 जुलाई 2022 को "हरेला पर्व" के उपलक्ष्य पर वरिष्ठ सिविल जज/प्रभारी सचिव सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा महादेवी कन्या पाठशाला, इण्टर कॉलेज देहरादून में औषधीय एवं फलदार वृक्ष के पौधों का पौधारोपण किया गया।

### स्पीकर ने विधायक तिलकराज बेहड़ का हाल–चाल जाना

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक तिलकराज बेहड़ से दूरभाष पर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। बता दें की स्वास्थ्य खराब होने के कारण किच्छा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक तिलकराज बेहड़ ने विधानसभा भवन में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अपना मतदान देने में असमर्थता व्यक्त की।

### भक्तों ने गुरुदेव की दिव्य प्रेरणाओं में लगाया गोता

**संवाददाता** देहरादून। अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्‌ः तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः मेरा उन श्री गुरु के चरणों में नमन है जिन्होंने उस सत्य को मेरे समक्ष प्रकट कर दिया जो अखंड, अनंत, कालातीत, संपूर्ण ब्रह्मांड– चल अथवा अचल में व्याप्त है। गुरु स्त्रोतम। सौभाग्यशाली हैं जिन्हें ऐसे पूर्ण गुरु की संगति प्राप्त है जो उनके जीवन को प्रबुद्ध बनाने के साथ–साथ उसे उच्च लक्ष्य तक पहुँचाने का स्रोत भी प्रदान करते हैं।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित रहे सभी अधिकारी

**जनसुनवाई**

■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सप्ताह में प्रत्येक सोमवार प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई कार्यक्रम में पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए, आज आयोजित कार्यक्रम में 20 शिकायतें प्राप्त हुई। आज जनसुनवाई में भूमि, पुलिया निर्माण, पेट्रोल पम्प लगाए जाने, पुस्ते, रोजगार, रास्ते, स्वास्थ्य, लोन माफी आदि से संबंधित प्राप्त हुई। प्राप्त हुई शिकायतों में शिकायतकर्ता मंगतराम पूर्व प्रधान ग्राम सिलाड़, त्यूनी द्वारा पुलिया निर्माण, मनोज सेलाकुई द्वारा सम्पत्ति पर कब्जा संबंधी शिकायत, रमेश कुमार दत्ता पंडितवाड़ी द्वारा उनका रास्ता बंद करने संबंधी शिकायत, मायादेवी शास्त्रीनगर अधोईवाला द्वारा लोन माफी, सीता देवी, तेलपुर माफी द्वारा शिकायत की गई वह गर्भवती महिला है उनको दून चिकित्यालय से कोरोनेशन जाने को कहा गया है किन्तु रैफर नहीं किया जा रहा है जिसको गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रकरण को देखते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतें हस्तान्तरण करते हुए शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए तथा जो शिकायतें शासन स्तर की है, उनको निस्तारण के लिए शासन से पत्राचार करें।

जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने मौके पर ही सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को तत्परता से सुना तथा समस्याओं का निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का निवारण धरातल स्तर पर ही हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आम जनमानस के शिकायतें उच्च स्तर तक पहुंचती है तो यह समस्त अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। जिलाधिकारी ने नगर निगम को नालों की नियमित साफ–सफाई तथा पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़कों के गड्ढो की शीघ्र अति शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को कचरे के नियमित निस्तारण के भी निर्देश दिए। डीएम ने सभी विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने तथा जनहित में कार्य प्रणाली में सुधार लाने की अपेक्षा की।

जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी के.के मिश्रा व डॉ. एस.के बरनवाल, अपर नगर मजिस्ट्रेट माया दत्त जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज उप्रेती सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### खेलो मास्टर्स गेम्स की स्वर्ण और कांस्य पदक विजेता फुटबाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में नेशनल खेलो मास्टर्स गेम्स की स्वर्ण और कॉस्य पदक विजेता फुटबाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उनके अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। खेलो इंडिया के अंतर्गत आयोजित नेशनल खेलो मास्टर्स गेम्स का आयोजन दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स में 30 अप्रैल से 3 मई तक किया गया। जिसमें उत्तराखंड की 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और 50 वर्ष आयु वर्ग की फुटबाल टीम ने प्रतिभाग किया गया था। देहरादून फुटबॉल एकेडमी के संस्थापक एवं हेड कोच, खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ़ उत्तराखंड के महासचिव विरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलों इंडिया, फिट इंडिया का अभियान युवाओं को प्रेरित कर रहा है।

खेलो इंडिया, फिट इंडिया अभियान के क्रम में खेलो मास्टर्स गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# उत्तरांचल प्रेस क्लब की स्मारिका का सीएम ने किया विमोचन

**निर्देश**

■महत्वपूर्ण कार्यो की जानकारी आमजन तक स्मारिका के माध्यम से पहुंचाने का सराहनीय प्रयासः सीएम



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में उत्तरांचल प्रेस क्लब की स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बहुपयोगी जानकारी के साथ ही सरकार द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी को आमजन तक स्मारिका के माध्यम से पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया है।

उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र अंथवाल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि क्लब की अर्द्धवार्षिक स्मारिका को नई विधानसभा के गठन के मद्देनजर सरकार, विधायकों व पत्रकारों समेत महत्वपूर्ण फोन नंबर को शामिल करते हुए बहुपयोगी डायरेक्टरी का स्वरूप दिया गया है। इसमें उत्तराखंड और इसके जनपदों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां, तीज त्योहारों व क्लब की गतिविधियों आदि को भी शामिल किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेस क्लब में आयोजित संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित भी किया।

इस अवसर पर उत्तरांचल प्रेस क्लब के महामंत्री ओपी बेंजवाल, स्मारिका के संपादक दिनेश कुकरेती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, पूर्व अध्यक्ष नवीन थलेड़ी, चेतन गुरुंग, देवेन्द्र सती, उत्तराखंड पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र कण्डारी व प्रेस क्लब मसूरी के पूर्व अध्यक्ष शूरवीर भंडारी, हरीश कोठारी आदि उपस्थित थे।

### भर्तियों में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस का सचिवालय घेराव आज

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य में लोकसेवा आयोग की भर्तियों, पुलिस विभाग की भर्तियों तथा सहकारिता विभाग में हुई भर्तियों में हुए भ्रष्टाचार और अनियमितता के विरोध में कांग्रेस पार्टी आज प्रातः 10:00 बजे से धरना–प्रदर्शन के साथ सचिवालय घेराव करेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में भाजपा शासन में सभी विभागों में हो रही भर्तियों में भारी अनियमितता तथा भ्रष्टाचार के साथ ही अपनों को रेवडी बांटने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों की भर्तियों में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2022 को धरना–प्रदर्शन के साथ सचिवालय घेराव किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा सहित पार्टी के विधायक, पूर्व विधायकों सहित वरिष्ठ नेतागण एवं बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।